**सं. ए-12011/06/2018-स्था.**

भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

बायोटेक्नोलॉजी विभाग

ब्लॉक-2, (6-8वां तल)
सीजीओ कॉम्पलैक्स, लोधी रोड,
नई दिल्ली- 110003
दिनांक: 28.02.2019

## शुद्धिपत्र

अधोहस्ताक्षरी को इस विभाग की रिक्ति परिपत्र संख्या: 1-डीबीटी/2019 स्था. का संदर्भ लेने तथा यह स्पष्ट करने का निदेश हुआ है कि उम्मीदवारों के सामने आ रही तकनीकी समस्याओं के बारे में प्राप्त विभिन्न अभ्यावेदनों को ध्यान में रखते हुए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को बढ़ाकर 06 मार्च, 2019 सांय 5.00 बजे तक कर दिया गया हैं।

2. परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा:-

| क्रम सं. | कार्यक्रम विवरण | निर्धारित तारीख |
|---|---|---|
| 1. | ई-प्रवेश पत्र जारी किया जाना | 10.03.2019 |
| 2. | परीक्षा का आयोजन | 24.03.2019 |

*उम्मीदवार 10 मार्च, 2019 सांय 5.00 बजे तक ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है।

3. इस रिक्ति परिपत्र संख्या: 1-डीबीटी/2019-स्था. की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी। इस संबंध में उम्मीदवारों को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

(भारत भूषण)
अवर सचिव, भारत सरकार

प्रति अग्रेषित

I. एनआईसी सेल यथाशीघ्र डीबीटी पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

सं. ए-19011/24/2010-स्था.
भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
बायोटेक्नोलॉजी विभाग

ब्लॉक-2 (6-8 तल),
सीजीओ कॉम्पलेक्स, लोधी रोड,
नई दिल्ली-110003
दिनांकः 05 फरवरी, 2019

**नोटिस**

**उम्मीदवारों की ओर से विभाग से अनेक प्रश्न पूछे गए हैं और इस संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिए गए हैं-**

1. वैज्ञानिक 'सी' के पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के मामले में न्यूनतम अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के बाद पीएचडी डिग्री प्राप्त करने में लगने वाली वास्तविक अवधि की अनुभव के रूप में गणना की जाएगी।
2. 'विशुद्ध अध्यापन अनुभव' को वैज्ञानिक 'सी' के मामले में अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा जबकि दस्तावेजीय साक्ष्य समर्थित 'अनुसंधान तथा विकास क्रियाकलापों के साथ किए गए शिक्षण अनुभव' पर अनुभव के रूप में विचार किया जाएगा।
3. सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय अनापत्ति प्रमाण पत्र ऑनलाईन माध्यम से प्रस्तुत करें। जिन आवेदन पत्रों के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं होगा उनके बारे में लघु सूची तैयार करने के लिए विचार नहीं किया जाएगा।
4. ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने से संबंधित सभी तकनीकी मुद्दों के सुधारात्मक उपाय/स्पष्टीकरण के लिए निम्नलिखित ईमेल पते पर भेजें:-
   recruitement.dbt@nic.in

(भारत भूषण)
उप सचिव, भारत सरकार

प्रति:-

एनआईसी सेल को डीबीटी के पोर्टल पर यथा शीघ्र अपलोड करने के लिए

## अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में स्पष्टीकरण

यह स्पष्ट किया जाता है कि बेरोजगार उम्मीदवारों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य नहीं है। इसके अतिरिक्त, यदि किसी उम्मीदवार के पास संविदा से बाहर होने का उपयुक्त प्रावधान हो तो वह अपने संविदा/परियोजना कार्य पत्र की एक प्रति अपलोड कर सकता/सकती है जिसमें संविदा की अवधि और संविदा से बाहर होने के लिए नोटिस देने संबंधी उपबंध को दर्शाया गया हो।